{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
मंगलवार 07 जुलाई 2026
आषाढ़ कृष्ण 07 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 283
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

सेंसेक्स - 78,285.07
निफ्टी - 24,430.35
सोना - 1,55,044
चांदी - 2,45,000
डॉलर - 95.38

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

# महाराष्ट्र के सातारा में पुल टूटा, क्रेन से कारें निकाली

## मुंबई में रेलवे ट्रैक, एक्सप्रेस-वे बंद; जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड, डिंडौरी में घरों में घुसा पानी, गृहस्थी बही

नई दिल्ली/भोपाल। देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूटने से 10-12 पर्यटक फंस गए। कारों को क्रेन की मदद से निकाला गया। वहीं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हो गई। 6-7 गाड़ियां मलबे में दब गईं। मलबा हटाने का काम जारी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में चलती गाड़ी पर पत्थर गिरने से 14 साल की लड़की की मौत हो गई।

वहीं मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। बालाघाट से आए वीडियो में किरनापुर-लांजी से होकर बहने वाली बाघ नदी में कार, जेसीबी और लोडर जैसी गाड़ियां बहती दिखीं। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी पर पुल बनाया जा रहा है। तकरीबन 150 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1017.24 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ा तो निर्माण कार्य में लगी गाड़ियों को बहा ले गया। डिंडौरी में रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते नर्मदा सहित सहायक नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। तुडार नदी में पुलिया के ऊपर पानी बह रहा है, इससे करंजिया ब्लॉक के कई गांवों का संपर्क टूट चुका है। 11 मकानों में पानी घुसने से गृहस्थी का सामान भी बह गया।



### हिमाचल में गाड़ी पर पत्थर गिरने से लडकी की मौत

चंबा जिले के भरमौर में चलती गाड़ी पर सोमवार दोपहर दो बजे पत्थर गिरने से 14 साल की लडकी की मौत हो गई। मृतक दीक्षता धर्मशाला के नड्डी क्षेत्र की रहने वाली थी। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में सुबह से हो रही बारिश के बाद आज पागल नाला में बाढ़ आ गई। इससे सारा मलबा हाईवे पर आ गया। इसके बाद लारजी को सैंज से जोड़ने वाला हाईवे वाहनों के लिए बंद हो गया है।

### मुंबई के वसई-विरार के कई इलाकों में पानी भरा

मुंबई में लगातार बारिश से वसई-विरार के कई निचले इलाके पानी में डूब गए। कई सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। वसई-विरार से हर दिन लाखों लोग काम के लिए मुंबई आते-जाते हैं। सोमवार सुबह जलभराव और ट्रैफिक की वजह से लोगों को ऑफिस पहुंचने में काफी परेशानी हुई।

### पुणे में लैंडस्लाइड, मलबे में दबने से 1 की मौत

महाराष्ट्र के पुणे जिले की मावल तहसील के पाटन गांव में सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। पहाड़ी का मलबा एक घर पर गिरने से उसमें रहने वाला परिवार दब गया। अब तक एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि दो अन्य के मलबे में फंसे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पीएमआरडी, स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गईं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### डिंडोरी में दो इंच बारिश, नदियां उफान पर

डिंडोरी में सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण नर्मदा और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। जिले में औसतन दो इंच वर्षा दर्ज की गई। तूड़ार नदी में बाढ़ आने से करंजिया ब्लॉक के कई ग्रामीण इलाकों का संपर्क टूट गया है। नेशनल हाईवे के किनारे स्थित कुछ घरों में पानी घुसने से गृहस्थी का सामान खराब हो गया। करंजिया जनपद मुख्यालय से कुछ दूरी पर तूड़ार नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बह रहा है। इसके कारण चौरा दादर सहित कई गांवों का जनपद मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। मालपुर गांव में भी नर्मदा नदी का पानी छोटे पुल के ऊपर से बह रहा है। जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर करंजिया गांव के पास जीआरटीसी कंपनी की कथित लापरवाही सामने आई है। कैलाश बनावल, नामदेव और शोभाराम नामक तीन ग्रामीणों के घरों में पानी घुस गया, जिससे उनका गृहस्थी का सामान खराब हो गया। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने इस नुकसान की भरपाई के लिए संबंधित कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। भू-अभिलेख विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटों में डिंडोरी में सर्वाधिक चार इंच वर्षा दर्ज की गई। अमरपुर में तीन इंच, समनापुर में एक इंच, बजाग में डेढ़ इंच, करंजिया में डेढ़ इंच और शहपुरा में एक इंच बारिश हुई। मेहदवानी में सबसे कम 1.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले में औसतन दो इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### भूस्खलन से मलबे में दबे वाहन

उधर, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भारी बारिश के बाद भूस्खलन होने से 6 से 7 वाहन मलबे में दब गए। राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और फंसे लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं।

### पागल नाला उफान पर

वहीं हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में लगातार बारिश के चलते पागल नाला उफान पर आ गया। अचानक आई बाढ़ से भारी मात्रा में मलबा हाईवे पर जमा हो गया, जिससे लारजी और सैंज को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग वाहनों के लिए बंद कर दिया गया। प्रशासन ने यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने और मौसम सामान्य होने तक अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए मौसम विभाग और राज्य सरकारों ने लोगों से सतर्क रहने तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### नागरिकों को खास सलाह

स्थिति से निपटने के लिए महाराष्ट्र प्रशासन ने करीब 15 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों को तैनात किया है। नागरिकों से पेड़ों, जर्जर इमारतों, बिजली के खंभों और होर्डिंग्स से दूर रहने, वाहनों को पेड़ों के नीचे पार्क नहीं करने तथा समुद्र तट और जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचने की अपील की गई है।

## खास खबर

### अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90 प्रतिशत गायब

श्रीनगर। अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6% ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 6 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 90 प्रतिशत गायब हो चुका है। 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और 14 किमी वाले छोटे, लेकिन कठिन बालटाल रूट से लगातार यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी।

### भैरव बाबा के मंदिर में वीआईपी दर्शन से 45 दिन में 3.09 करोड़ की आय

उज्जैन। काल भैरव मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए शुरू की गई 500 रुपये की वीआईपी (शीघ्र दर्शन) व्यवस्था मंदिर प्रबंधन के लिए आय का बड़ा माध्यम बन गई है। 20 मई से 3 जुलाई तक 45 दिनों में इस व्यवस्था से मंदिर को 3 करोड़ 9 लाख 27 हजार रुपये की आय हुई है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए अलग प्रवेश मार्ग बनाया गया है, जिससे सामान्य दर्शन व्यवस्था भी सुचारु बनी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त आय का उपयोग मंदिर की सुविधाओं, रखरखाव और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं विकसित करने में किया जाएगा।

### दक्षिण के चार राज्यों में हटे 22.14 लाख मतदाताओं के नाम

नई दिल्ली। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत दक्षिण भारत के चार राज्यों की ड्राफ्ट मतदाता सूची से कुल 22.14 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। चुनाव आयोग के अनुसार यह कार्रवाई मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से की गई है। हटाए गए नामों में कर्नाटक के 6.12 लाख, आंध्र प्रदेश के 5.80 लाख, तमिलनाडु के 5.40 लाख और तेलंगाना के 4.82 लाख मतदाता शामिल हैं। आयोग का कहना है कि यह केवल ड्राफ्ट सूची है और अंतिम सूची जारी होने से पहले सभी दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में पूर्व आईएफएस कृष्ण मोहन बनाए गए कार्यकारी महासचिव

### चंपत राय, अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर, उनकी सेवाओं का अभिनंदन

अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। चंपत राय की जगह नए ट्रस्टी रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया है। चढ़ावा चोरी के बाद हुई पहली बैठक 3 घंटे तक चली। बैठक के बाद कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी बोले कि चंपत राय ने कहा है कि जब तक अपराधी पकड़े नहीं जाते तब तक पद पर रहना सही नहीं है। जो हुआ वह कष्टदायी है। इससे हम सब दुखी हैं। चढ़ावा चोरी लज्जाजनक घटना है। बैठक में ट्रस्टी के. पाराशरन ने कहा था कि त्यागपत्र देते ही इसे स्वीकार करना ट्रस्ट के संविधान में है। इसलिए इस्तीफा स्वीकार किया गया।



गोविंद देव गिरी ने कहा कि चढ़ावा चोरी की घटना से चंपत राय को बहुत वेदना हुई। उन्हें लगा कि जब तक न्याय नहीं हो जाता, अपराधी पकड़े नहीं जाते, उन्हें दंड नहीं मिल जाता, यह सोचकर उन्होंने त्याग पत्र दिया। जिसे मान्य करना, न मान्य करना हमारे बस की बात नहीं थी। इसलिए इस न्यास के संविधान के अनुसार- त्याग पत्र देते ही उसे मान लिया जाता है। इसलिए मूल प्रॉसेस को आधार मानकर उनके इस्तीफे को स्वीकार किया गया है। इसलिए इसे माना गया है।

#### 22 जुलाई को फिर ट्रस्ट की बैठक होगी

गोविंद देव गिरी ने कहा- हमारा काम पूरी पारदर्शिता रखना है। हम 22 जुलाई को फिर से बैठेंगे। तब तक एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट आ जाएगी। चोरी तो चोरी ही है, छिपे हुए अपराधी खोजे जाएंगे। एसआईटी अपना काम कर रही है। गोविंद देव गिरी ने कहा कि झूठ के प्रचार से हम लोगों को सावधान करते हैं। हमें कहा जाता है कि वहां केवल दानपात्र की चोरी नहीं हुई। वहां कई वस्तुओं की चोरी हुई। उन सभी वस्तुओं का रजिस्टर हम लाए हैं, जो आपको दिखाएंगे। इससे कहा जाता है कि रामायण कहां है, चरण पादुकाएं कहां हैं। हमारे पास ऐसी 2800 वस्तुओं का रजिस्टर्ड हैं। चार से पांच वस्तुओं का विवरण हम दिखाएंगे।

#### प्रबंधन और संचालन में थी कमियां

राम मंदिर ट्रस्ट के नए महासचिव कृष्ण मोहन ने कहा कि कहीं न कहीं प्रबंधन और संचालन में कमियां रह गई थीं। जहां कहीं लूप होल्स हैं, अब इसे बंद करना है। इसका पूरा प्रयत्न करूंगा। समाज में जो माहौल बना है, इससे हमारे न्यास की छवि धूमिल हुई है। मेरा प्रयास रहेगा कि हम सभी न्यासी लोग इस धूमिल छवि को सही करने का प्रयास करेंगे। राम जन्म भूमि में जो दर्शनार्थी शिलाएं दान करते हैं। इसका हम सभी न्यासी उस लक्ष्य की प्राप्ति को पारदर्शी रूप से करेंगे। पारदर्शी रूप से हर बात को बताया जाएगा, दिखाया जाएगा। हमारे न्यास के प्रति जो अविश्वास की प्रकृति बनी है, उसे दूर किया जाएगा। आपका साथ चाहिए, मीडिया से निवेदन है, जो सत्य है, वही प्रकाशित करें। न्यास के अधिकृत लोगों से पूछकर ही प्रकाशित करें।

#### कौन है कृष्ण मोहन

कृष्ण मोहन आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई निवासी कृष्ण मोहन पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संघचालक भी रह चुके हैं। वर्ष 2025 में उन्हें ट्रस्ट का सदस्य बनाया गया था, जहां उन्होंने कामेश्वर चौपाल का स्थान लिया था। अब ट्रस्ट में प्रशासनिक बदलाव के तहत उन्हें कार्यवाहक महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठनात्मक अनुभव, प्रशासनिक दक्षता और राम मंदिर आंदोलन से लंबे समय से जुड़े रहने के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है।

## यूपीएससी परीक्षा से पहले 569 आवेदन निरस्त, एआई से हुई गड़बड़ियों की पहचान

**- 15 वर्षों के डेटा का विश्लेषण कर आयोग ने उठाया कदम, नियमों के उल्लंघन वाले आवेदन किए खारिज**

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 से पहले पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की जांच की। इस प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन करने वाले 569 आवेदन निरस्त कर दिए गए। आयोग ने इसके लिए पिछले 15 वर्षों के परीक्षा संबंधी डेटा का विश्लेषण किया। प्रारंभिक परीक्षा के लिए 8.18 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जबकि करीब 4.49 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। आयोग के अनुसार एक से अधिक आवेदन, आयु सीमा से अधिक होना, गलत श्रेणी का दावा करना और निर्धारित प्रयासों की सीमा पूरी होने के बाद भी आवेदन करना जैसे मामलों में फॉर्म खारिज किए गए। यूपीएससी का मानना है कि एआई आधारित जांच से परीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी और नियमों का उल्लंघन शुरुआती चरण में ही पकड़कर निष्पक्ष चयन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## ताजमहल में तेजो महालय मंदिर, हाईकोर्ट ने जवाब मांगा

### सर्वे कमिश्नर नियुक्त करने की मांग, राज्य समेत सभी पक्ष दाखिल करें जवाब

प्रयागराज। आगरा स्थित ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर होने का दावा करने वाले मुकदमे में सर्वे कमिश्नर नियुक्त करने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है। मामले में राज्य सरकार समेत अन्य पक्षों को जवाब दाखिल करना होगा।

यह याचिका आगरा की जिला अदालत के उन आदेशों के विरुद्ध दाखिल की गई है, जिनमें सिविल जज (सीनियर डिवीजन) और अपर जिला जज ने विवादित परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। मामले के तथ्यों के मुताबिक ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर होने का दावा करने को लेकर आगरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में वर्ष 2015 से दीवानी मुकदमा लंबित है। इस मुकदमे में यह घोषणा करने की मांग की गई है कि ताजमहल परिसर में वास्तव में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर स्थित है। इसी मुकदमे के ट्रायल के दौरान परिसर के सर्वेक्षण के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। दोनों अदालतों (सिविल जज सीनियर डिवीजन व अपर जिला जज) ने इस पर कोई भी आदेश देने से मना कर दिया था। इसके बाद अब हाईकोर्ट में याचिका की गई है। यह याचिका स्वयं भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय जरिये मित्र हरिशंकर जैन सहित पांच अन्य की ओर से संयुक्त रूप से की गई है। याचिका में भारत सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और दो अन्य को विपक्षी बनाया गया है।

## के. कविता को बदलना होगा अपनी नई पार्टी का नाम

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बीआरएस की पूर्व नेता के. कविता को उनकी नवगठित राजनीतिक पार्टी का नाम बदलने का निर्देश दिया है। आयोग ने उन्हें 15 दिनों के भीतर पार्टी के लिए तीन नए वैकल्पिक नाम प्रस्तावित करने को कहा है। निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा नहीं करने पर उनकी पार्टी के पंजीकरण का आवेदन रद्द किया जा सकता है। के. कविता ने अपनी नई पार्टी का नाम तेलंगाना रक्षणा सेना रखा है, जिसका संक्षिप्त रूप टीआरएस है। यही संक्षिप्त नाम पहले तेलंगाना राष्ट्र समिति का भी था, जिसे बाद में बदलकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कर दिया गया था। इस समानता को लेकर बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव और पार्टी के वरिष्ठ नेता के. टी. रामाराव ने निर्वाचन आयोग के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई थी। निर्वाचन आयोग ने बीआरएस नेताओं की शिकायतों और प्राप्त आपत्तियों के आधार पर यह निर्देश जारी किया है। जानकारी के अनुसार, आयोग को पार्टी के नाम और उसके संक्षिप्त रूप टीआरएस को लेकर 1,100 से अधिक आपत्तियां मिली थीं। शिकायतकर्ताओं का तर्क था कि समान संक्षिप्त नाम का इस्तेमाल मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा कर सकता है, जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका है।

## मणिपुर में असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर हमला, दो जवान शहीद, सर्च ऑपरेशन तेज

उखरुल। मणिपुर के उखरुल जिले में असम राइफल्स के काफिले पर उग्रवादियों द्वारा किए गए घात लगाकर हमले में दो जवान शहीद हो गए। यह हमला राष्ट्रीय राजमार्ग-202 पर उखरुल शहर से करीब आठ किलोमीटर दूर हुआ। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर बड़े पैमाने पर तलाशी और क्षेत्र प्रभुत्व अभियान शुरू कर दिया है।

शहीद होने वाले जवानों की पहचान वारंट अधिकारी बलवंत सिंह और राइफलमैन सी. एम. सिंह के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, उग्रवादियों ने अचानक काफिले पर हमला कर दिया, जिसके बाद दोनों ओर से कई घंटों तक गोलीबारी होती रही। स्थानीय ग्रामीणों ने भी लंबे समय तक भारी फायरिंग की आवाजें सुनने की जानकारी दी। हमले के तुरंत बाद अतिरिक्त सुरक्षा बलों को मौके पर भेजा गया और पूरे क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। सुरक्षा एजेंसियां हमलावरों की तलाश में लगातार अभियान चला रही हैं।

## कुछ ना कहना




## मंदिर रिकॉर्ड पर सीआईसी का अहम फैसला- सरकारी विभाग नहीं झाड़ सकता पल्ला

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने सूचना के अधिकार (आरटीसआई) से जुड़ा एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील फैसला सुनाया है। सूचना आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी सरकारी विभाग मंदिर से संबंधित रिकॉर्ड सार्वजनिक करने से सिर्फ कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकता कि मंदिर खुद पब्लिक अथॉरिटी नहीं है। पुडुचेरी के हिंदू धार्मिक संस्थान और वक्फ विभाग को कड़े निर्देश देकर सीआईसी ने उनकी वैधानिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया है। यह मामला पुडुचेरी के श्री वेदपुरीश्वरर श्री वरदराजपेरुमल देवस्थानम मंदिर से संबंधित जानकारी मांगने से जुड़ा था। आवेदक ने विभाग से वर्ष 2021 से 2025 तक के मंदिर के वार्षिक बजट, ऑडिट रिपोर्ट, संपत्ति हस्तांतरण और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ आई शिकायतों व उन पर हुई कार्रवाई का विवरण मांगा था। विभाग ने इस आरटीआई आवेदन को सीधे मंदिर प्रशासन को भेज दिया। हालांकि, मंदिर प्रशासन ने जानकारी देने से इंकार कर तर्क दिया कि पुडुचेरी सरकार से कोई बड़ी वित्तीय सहायता नहीं मिलती, इसलिए वह आरटीआई कानून की धारा 2(एच) के तहत पब्लिक अथॉरिटी नहीं है और जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं है।

## बंगाल की तीन सीटों पर 24 जुलाई को होंगे चुनाव

भावना सिंघल

नई दिल्ली। ममता बनर्जी के तीन सांसदों के इस्तीफे के बाद बंगाल की उन्हीं 3 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा। सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक के इस्तीफों के बाद खाली हुई राज्यसभा की तीन सीटों पर 24 जुलाई को उपचुनाव होगा। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल से राज्यसभा की तीन खाली सीटों के लिए उपचुनाव का एलान कर दिया है। चुनाव आयोग के अनुसार इन तीनों सीटों पर 24 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती कराई जाएगी। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 7 जुलाई को अधिसूचना जारी होगी, जबकि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 14 जुलाई तय की गई है। 15 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 17 जुलाई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। चुनाव प्रक्रिया 27 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी। ये उपचुनाव राज्यसभा की तीन आकस्मिक खाली हुई सीटों को भरने के लिए कराए जा रहे हैं। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के करीबी समझे जाने वाले सुखेंदु शेखर रॉय ने सबसे पहले 8 जून को राज्यसभा की सदस्यता और टीएमसी, दोनों से इस्तीफा दिया था। अपने इस्तीफे में उन्होंने पार्टी में कथित भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और ममता बनर्जी के नेतृत्व पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना का भी जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है, जबकि विवादों में रहे लोगों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके दो दिन बाद, 10 जून को सुष्मिता देव ने भी टीएमसी छोड़ने का ऐलान कर दिया। इस्तीफा देने के तुरंत बाद उन्होंने दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हो गई कि वह बीजेपी में जा सकती हैं और पार्टी उन्हें असम से राज्यसभा भेज सकती है। वहीं प्रकाश चिक ने 11 जून को दिया इस्तीफा था। सुखेंदु और सुष्मिता के बाद टीएमसी से इस्तीफा देने वाले प्रकाश चिक तीसरे सांसद थे। हालांकि उन्होंने अपने इस्तीफे में न तो ममता बनर्जी और न ही टीएमसी पर कोई आरोप लगाया। चुनावी गणित की बात करें तो पश्चिम बंगाल में बीजेपी के पास विधानसभा की 207, तृणमूल कांग्रेस के पास 80, कांग्रेस के पास 2, हुमायूं कबीर की पार्टी को 2 और सीपीआई-एआईएसएफ के पास 1-1 सीट है। टीएमसी दो गुटों में बंटी हुई है, ऐसे में बहुत संभावना है कि बीजेपी इन तीनों ही सीट पर कब्जा करने में कामयाब हो जाए। यदि ऐसा होता है तो राज्यसभा में एनडीए संख्या बल 155 पहुंच जाएगा।

बालाघाट सिटी न्यूज़

पद्मेश न्यूज
बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com



## न्यूज गैलरी

### सब्जी बेचने को लेकर विवाद पीकअप चालक और उसके भाई से मारपीट और दी जान से मारने की धमकी

**थाना बिरसा में 3 लोगों के खिलाफ अपराध कायम**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिरसा थाना अंतर्गत ग्राम सालेटेकरी में सब्जी की गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में पीकअप चालक और उसके भाई के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। बिरसा पुलिस ने शगुन पिता सरवन बघेल 30 वर्ष ग्राम दमोह निवासी की रिपोर्ट पर तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सभी आरोपी ग्राम सालेटेकरी निवासी बताए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सगुन बघेल पिता सरवन बघेल अपने छोटे भाई शंकर बघेल के साथ पीकअप वाहन से रोजाना गंडई, छत्तीसगढ़ से सब्जी लाकर सालेटेकरी, मानेगांव, दमोह और बिरसा में सप्लाई करता है। 04 जुलाई को 11 बजे वह सब्जी लाकर सालेटेकरी में रोड किनारे गाड़ी खड़ी कर दुकानदारों को सब्जी दे रहा था। इसी दौरान पल्सर वाहन में सवार साहिल नाम का युवक आया और गाड़ी साइड में न लगाने को लेकर गंदी-गंदी गाली-गलौज करने लगा। शगुन बघेल द्वारा गाली देने मना करने पर साहिल ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया।थोड़ी देर में जावेद और सैजान भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद तीनों ने एक राय होकर शगुन बघेल के साथ मारपीट शुरू कर दी। जावेद ने पैर से शगुन के पेट पर मारा, जिससे वह गिर गया। बीच बचाव करने आए भाई शंकर बघेल आया तो उसके साथ भी इन लोगों ने मारपीट कर दिए। जिसके बाद इनआरोपियों ने जाते यहां दोबारा गाड़ी लगाई लगाने पर जान से खत्म करने की धमकी दे दी। मारपीट से शगुन बघेल को पेट में अंदरूनी चोट आई है। शगुन बघेल ने अपने पिता सरवन बघेल को घटना की जानकारी दी और उसके साथ में थाना बिरसा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। बिरसा पुलिस ने इस मामले में आरोपी साहिल पिता जाकिर मोहम्मद 24 वर्ष, जावेद पिता जमील मोहम्मद 38 वर्ष, और सैजान पिता नूर मोहम्मद सभी ग्राम सालेटेकरी निवासी के खिलाफ अश्लील गालियां देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप मेंभारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी) 115(2), 351(3), 356(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और घटना के संबंध में आसपास के लोगों के बयान लिए जा रहे हैं।

# तबादला आदेश के बाद भी कर्मचारी नहीं हो रहे रिलीव, हाईकोर्ट जाने की तैयारी में कर्मचारी

**स्थानांतरण के बाद विभाग से कार्यमुक्त नहीं किए जाने पर बढ़ा असंतोष, पदोन्नति और तबादले के बीच फंसे कर्मचारी, न्यायालय की शरण लेने की तैयारी**

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन की स्थानांतरण नीति के तहत हाल ही में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। इन आदेशों के बाद जहां कई अधिकारी-कर्मचारियों ने नए जिलों में अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है, वहीं कुछ ऐसे भी कर्मचारी हैं, जिन्हें स्थानांतरण आदेश जारी होने के बावजूद अब तक उनके वर्तमान कार्यालयों से कार्यमुक्त (रिलीव) नहीं किया गया है। इस स्थिति को लेकर कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है और अब कुछ कर्मचारी न्यायालय की शरण लेने की तैयारी कर रहे हैं। ताजा मामला जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय के एक विभाग से जुड़ा हुआ है। यहां पदस्थ सहायक ग्रेड-3 के एक कर्मचारी ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि शासन की स्थानांतरण नीति के तहत उनका स्थानांतरण दूसरे जिले में हो चुका है, लेकिन संबंधित विभाग उन्हें अब तक कार्यमुक्त नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानांतरण आदेश जारी हुए कई दिन बीत चुके हैं, इसके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कर्मचारी का कहना है कि वर्तमान स्थिति उनके लिए केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि भविष्य की सेवा संबंधी जटिलताओं का कारण भी बन रही है। उन्होंने बताया कि आगामी कुछ दिनों में उनकी पदोन्नति की प्रक्रिया भी संभावित है। यदि पदोन्नति के आदेश स्थानांतरण से पहले जारी हो जाते हैं और उन्हें वर्तमान जिले से कार्यमुक्त नहीं किया जाता, तो यह तय करना मुश्किल हो जाएगा कि उन्हें




स्थानांतरण वाले जिले में पदस्थ माना जाएगा या पदोन्नति के आधार पर किसी अन्य जिले में भेजा जाएगा। इससे सेवा अभिलेख, पदस्थापना और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में असमंजस की स्थिति निर्मित हो सकती है। कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से कई बार चर्चा कर शीघ्र कार्यमुक्त किए जाने का अनुरोध किया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। उनका कहना है कि विभागीय स्तर पर मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जिससे उन्हें मानसिक तनाव के साथ-साथ आर्थिक नुकसान की आशंका भी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि यदि उन्हें समय पर कार्यमुक्त नहीं किया गया और इस बीच पदोन्नति आदेश जारी हो गए, तो उन्हें दोहरी प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। इससे न केवल उनकी नई पदस्थापना प्रभावित होगी, बल्कि वेतन, ज्वाइनिंग और अन्य सेवा संबंधी लाभों पर भी असर पड़ सकता है। सूत्रों के अनुसार, यह समस्या केवल एक कर्मचारी तक सीमित नहीं है। जिले के विभिन्न विभागों में ऐसे कई अधिकारी और कर्मचारी हैं, जिनके स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी उन्हें अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है। इससे स्थानांतरण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी सवाल उठने लगे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जब शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्थानांतरण आदेश जारी किए जाते हैं, तो संबंधित विभागों को भी समय पर कर्मचारियों को कार्यमुक्त करना चाहिए, ताकि वे नए स्थान पर अपनी सेवाएं दे सकें। बताया जा रहा है कि संबंधित कर्मचारी ने इस पूरे मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की तैयारी कर ली है। उन्होंने विभाग को भी इस संबंध में सूचना देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया, तो वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। कर्मचारी का कहना है कि शासन की स्थानांतरण नीति का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाना है, लेकिन यदि स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी विभाग कर्मचारी को कार्यमुक्त नहीं करता, तो पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य ही प्रभावित हो जाता है। ऐसे में शासन को भी इस प्रकार के मामलों पर संज्ञान लेकर संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिए, ताकि स्थानांतरण आदेशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित हो सके। फिलहाल यह मामला कर्मचारी के न्यायालय जाने की तैयारी के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। यदि विभाग द्वारा शीघ्र कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तो आने वाले दिनों में यह मामला न्यायिक स्तर पर पहुंच सकता है, जिससे स्थानांतरण और पदोन्नति से जुड़े प्रशासनिक नियमों पर भी नई बहस शुरू होने की संभावना है।

# राघवटोला माइक्रो इरिगेशन प्लांट आगजनी के तीन आरोपी रिमांड पूरी होने पर जेल भेजे गए

**भाजपा नेता समेत तीन आरोपियों की तीन दिन की पुलिस रिमांड समाप्त, 7 से 8 अन्य आरोपी अब भी फरार, करोड़ों की क्षति के बाद परियोजना दोबारा शुरू करने की तैयारी में जुटा विभाग**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** लामता थाना क्षेत्र के राघवटोला स्थित निर्माणाधीन माइक्रो इरिगेशन परियोजना प्लांट में 1 जुलाई को हुई भीषण आगजनी के मामले में पुलिस जांच लगातार जारी है। मामले में गिरफ्तार भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं जनपद पंचायत बालाघाट के निर्माण सभापति भुवनेश्वर रजक, ग्राम पंचायत परतापुर के सरपंच राजेश सिरसाम तथा राकेश दमाहे की तीन दिन की पुलिस रिमांड 6 जुलाई को समाप्त हो गई। रिमांड पूरी होने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इधर, पुलिस की जांच अभी भी जारी है। मामले में नामजद तीन आरोपियों के अलावा 7 से 8 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है, जिनकी गिरफ्तारी अभी बाकी है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और अगले चार से पांच दिनों के भीतर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 1 जुलाई को राघवटोला स्थित निर्माणाधीन माइक्रो इरिगेशन परियोजना प्लांट में भीषण आग लगने से करोड़ों रुपये मूल्य की मशीनरी, पाइप, विद्युत उपकरण और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई थी। इस घटना के बाद परियोजना का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने प्लांट पहुंचकर पहले प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ अभद्रता की और कथित रूप से 10 लाख रुपये की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि जब कंपनी प्रबंधन ने राशि देने से इनकार किया तो आरोपियों ने प्लांट में आग लगाने की धमकी दी। आरोप है कि राकेश दमाहे अपने साथ करीब 10 लीटर पेट्रोल से भरी केन लेकर पहुंचा था और उसने प्लांट परिसर में रखे प्लास्टिक



पाइपों तथा अन्य सामग्री पर पेट्रोल छिड़क दिया। शिकायतकर्ता अतुल द्वारा विरोध किए जाने पर उसके ऊपर भी पेट्रोल डालने और आग लगाने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। इसके बाद प्लांट में भीषण आग लग गई, जिससे करोड़ों रुपये की सामग्री जलकर नष्ट हो गई। परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार यह माइक्रो इरिगेशन परियोजना दो चरणों में पूरी की जानी है। पहले चरण में लामता क्षेत्र के 56 गांवों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जबकि दूसरे चरण में खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक ओएमएस मटेरियल, एचडीपीई फिटिंग, कंट्रोल सिस्टम और इजरायल की स्काडा तकनीक से जुड़े उपकरण लगाए जाने थे। आगजनी की घटना में यही अधिकांश सामग्री जलकर नष्ट हो गई है। सूत्रों के अनुसार ओएमएस मटेरियल के माध्यम से खेतों तक पानी का वितरण किया जाना था। वहीं स्काडा तकनीक के जरिए पूरी परियोजना की निगरानी और संचालन होना था। आगजनी से ट्रांसमिशन लाइन, कंट्रोल सिस्टम और परियोजना के दूसरे चरण का कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। अब परियोजना को दोबारा शुरू करने के लिए विभाग को नई कार्ययोजना तैयार करनी होगी, जिससे समय के साथ-साथ आर्थिक भार भी बढ़ेगा। सूत्रों के अनुसार परियोजना में करोड़ों रुपये की विद्युत व्यवस्था और अन्य तकनीकी उपकरणों का कार्य भी प्रस्तावित था, जो अब प्रभावित हुआ है। पुलिस शिकायत में जहां चार से पांच करोड़ रुपये के नुकसान का उल्लेख किया गया है, वहीं विभागीय स्तर पर वास्तविक नुकसान इससे अधिक होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि संबंधित विभाग ने अभी तक आधिकारिक रूप से कुल नुकसान का विस्तृत आंकड़ा सार्वजनिक नहीं किया है। लामता के प्रभारी थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों की पुलिस रिमांड 6 जुलाई को समाप्त होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उनका स्थानांतरण हो चुका है, इसलिए अब इस प्रकरण की आगे की जांच और कार्रवाई नवपदस्थ थाना प्रभारी के नेतृत्व में आगे बढ़ेगी। इधर, परियोजना से जुड़े अधिकारी भी आगजनी से हुए नुकसान का आकलन करने और निर्माण कार्य को दोबारा शुरू करने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। बताया जा रहा है कि वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर लगातार बैठकें और चर्चा चल रही है, ताकि प्रभावित परियोजना को जल्द पुन: शुरू किया जा सके। फिलहाल पुलिस की आगे की कार्रवाई, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और विभाग द्वारा परियोजना को दोबारा गति देने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों पर सभी की नजर बनी हुई है।

## बालाघाट पहुंचे अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रभारी मोबीन राजा खान, जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से की वन-टू-वन चर्चा

**संगठन की मजबूती और नेतृत्व को लेकर वरिष्ठ नेताओं से लिया फीडबैक, दावेदारों की कार्यशैली व सक्रियता का किया आकलन**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मध्यप्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के बालाघाट जिला प्रभारी मोबीन राजा खान सोमवार, 6 जुलाई को संगठनात्मक प्रवास पर बालाघाट पहुंचे। उनके आगमन को लेकर पहले से ही जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तैयारियां की गई थीं। सर्किट हाउस में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से अलग-अलग मुलाकात कर उनकी दावेदारी, संगठनात्मक अनुभव, कार्यशैली और पार्टी के प्रति समर्पण का भी आकलन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मोबीन राजा खान दोपहर करीब एक बजे सर्किट हाउस पहुंचे, जहां कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले में कांग्रेस संगठन की वर्तमान स्थिति, बूथ स्तर की सक्रियता, कार्यकर्ताओं की भागीदारी तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों से प्रभारी ने जिले में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय, पार्टी की गतिविधियों और भविष्य की रणनीति को लेकर सुझाव लिए। उन्होंने यह जानने का प्रयास किया कि संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किन क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है तथा किन मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रवास के दौरान कांग्रेस में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे नेताओं से अलग-अलग व्यक्तिगत चर्चा भी की गई। प्रत्येक दावेदार से संगठन में उनके अनुभव, अब तक किए गए कार्य, कार्यकर्ताओं के बीच उनकी स्वीकार्यता तथा भविष्य में संगठन को मजबूत बनाने की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही यह भी जाना गया कि यदि उन्हें संगठन की जिम्मेदारी मिलती है तो वे जिले में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए किस प्रकार कार्य करेंगे। सूत्रों के अनुसार प्रभारी ने जिले के वरिष्ठ नेताओं से भी जिला अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों को लेकर राय ली। बैठक में संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और आगामी चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों की सक्रियता तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए सुझाव भी प्राप्त किए गए। बताया जा रहा है कि मोबीन राजा खान जिले के संगठनात्मक ढांचे का विस्तृत फीडबैक एकत्रित कर रहे हैं। प्रवास के दौरान प्राप्त सुझावों, स्थानीय नेताओं की राय, संगठन की वर्तमान स्थिति और जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों के मूल्यांकन के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यह रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगामी दिनों में संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव शफकत खान ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर यह संगठनात्मक प्रवास आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य जिले में संगठन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना, कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करना तथा जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे नेताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन करना है।बैठक के दौरान संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, अल्पसंख्यक समाज के बीच कांग्रेस की पहुंच बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है तथा सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है। अब जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की नजर प्रदेश नेतृत्व के अगले निर्णय पर टिकी हुई है। माना जा रहा है कि प्रभारी द्वारा तैयार की जाने वाली रिपोर्ट के आधार पर कांग्रेस में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष पद सहित संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर आगामी दिनों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

# शराब के नशे में कीटनाशक सेवन से एक व्यक्ति की मौत

**जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के लामता थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भालेवाड़ा निवासी 58 वर्षीय व्यक्ति धन्नालाल पिता भगवानलाल राहंगडाले की कथित रूप से कीटनाशक का सेवन करने से मौत हो गई। परिजनों द्वारा उन्हें बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में प्रारंभिक तौर पर शराब के नशे में कीटनाशक सेवन किए जाने की आशंका जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धन्नालाल खेती किसानी का कार्य करता था। परिवार में उसकी पत्नी छम्मन बाई हैं। जबकि उसकी दोनों बेटियों का विवाह हो चुका है और वे अपने अपने ससुराल में रहती हैं। बताया जा रहा है कि धन्नालाल शराब पीने का आदी था। जानकारी के मुताबिक 5 जुलाई की सुबह धन्नालाल बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। इसी दौरान उसकी पत्नी छम्मन बाई खेत में मजदूरी करने चली गई थीं। शाम करीब 5 बजे जब वह घर लौटीं तो उन्होंने देखा कि धन्नालाल घर में खाट पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके मुंह से झाग निकल रहा था और शरीर से कीटनाशक की तेज दुर्गंध आ रही थी। छम्मन बाई ने अपने देवर श्रावण राहंगडाले तथा आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से धन्नालाल को जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस ने रात में शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल की शवगृह में सुरक्षित रखवाया। 6 जुलाई की सुबह पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद धन्नालाल का शव पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।जिला अस्पताल पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर मामले की अग्रिम जांच एवं कार्रवाई के लिए संबंधित लामता थाना को प्रकरण भेज दिया है।पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला शराब के नशे में कीटनाशक सेवन का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही हो सकेगा।

# आंवलाझरी में नाली सफाई के विवाद में मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**एक आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भरवेली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आंवलाझरी में नाली की सफाई को लेकर हुए विवाद के चलते किए गए प्राण घातक हमले के इस मामले में भरवेली पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिनमे एक आरोपी अक्षय नगपुरे 24 वर्ष को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।इस मामले के दो आरोपी को बाद में गिरफ्तार किए जाने की वजह से उन्हें 7 जुलाई को अदालत में पेश किया जाएगा। इन तीन आरोपीयो के खिलाफ वार्ड पंच और उसके भाई पर उभारी से जानलेवा हमला करने का आरोप है। ज्ञात हो की आंवलाझरी निवासी मधुसूदन बनोटे खेती-किसानी करते हैं और वार्ड नंबर 15 के पंच हैं। घटना के दो दिन पहले गांव के सरपंच अशोक लिल्हारे गांव आए थे। तब मधुसूदन ने उनसे घर के सामने की नाली साफ करवाने का आग्रह किया था। 19 जून की रात करीब 11 बजे मधुसूदन ने पड़ोसी मनोज नगपुरे से पूछे कि वह अपने घर के सामने की नाली की सफाई क्यों नहीं करवाने देते। इस बात पर मनोज भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा।मधुसूदन के मना करने पर वह और आवेश में आ गया इसी दौरान मनोज के चचेरे भाई अक्षय नगपुरे और अजय नगपुरे उभारी लेकर पहुंचे गये और तीनो ने मधुसूदन पर हमला कर उसे उभारी से मारपीट करने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनकर मधुसूदन का छोटा भाई गोपाल बनोटे बीच-बचाव करने आया तो तीनों आरोपियों ने उस पर भी उभारी से बेरहमी से वार कर दिए। हमलावरों ने दोबारा नाली की बात करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में दोनों भाई घायल हो गए थे। गोपाल की हालत ज्यादा नाजुक बताई जा रही है।डायल 112 घायल गोपाल को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं मधुसूदन अपने साथी के साथ भरवेली थाने रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस ने घायल गोपाल का बयान लेकर उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर गोपाल को नागपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया




है। भरवेली पुलिस ने आरोपी मनोज नगपुरे, अक्षय नगपुरे और अजय नगपुरे के खिलाफ अश्लील गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। विवेचना के दौरान इस मामले में तीनों आरोपी मनोज नगपुरे अक्षय नगपुरे और अजय नगपुरे के विरुद्ध भरवेली थाने की अपराध क्रमांक 156/026 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296(बी),351(3) 3(5) में हत्या का प्रयास करने के आरोप में धारा 109(1) भारतीय न्याय संहिता का इजाफा किया गया है। इस मामले में को तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक गिरफ्तार आरोपी अक्षय नगपुरे को 6 जुलाई को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। दो आरोपी मनोज नगपुरे और अजय नगपुरे को देर से गिरफ्तार की जाने के कारण उन्हें 7 जुलाई को अदालत में पेश किया जाएगा।

# मप्र वक्फ बोर्ड पुनर्गठन के विरोध में सड़क पर उतरा मुस्लिम संगठन

## - बोर्ड में गैर-मुस्लिम को सदस्य बनाए जाने का किया विरोध - सरकार से की फैसला वापस लेने की मांग

## - मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन, सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड का गठन उचित नहीं-आरिफ मसूद

भोपाल। देश में पहली बार एमपी के वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति किये जो का मामला तूल पकड़ने लगा है। वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन और हिंदू सदस्यों की नियुक्ति का विरोध जताते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने भोपाल के बुधवारा चौराहे पर सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने बुधवारा चौराहे पर वक्फ बोर्ड के पुनर्गठन पर अपना नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि इससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा वक्फ मुस्लिम समाज की धार्मिक और सामाजिक संस्था है, जहां लोग अपनी संपत्ति अपने रब की रजा के लिए वक्फ करते हैं। वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति उचित नहीं है, कमेटी इसी नियुक्ति का विरोध कर रही है। वहीं कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद का कहना है की वक्फ अधिनियम से जुड़ा मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, और इस पर अंतिम निर्णय आना अभी बाकी है। ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नए वक्फ बोर्ड का गठन किया जाना और उसमें गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना उचित नहीं है। मसूद का कहना है यह वक्फ अधिनियम की भावना के विपरीत है, और न्यायालय में लंबित मामले के बीच इस तरह का फैसला कई तरह के कानूनी सवाल खड़े करता है। हम इस पूरे मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे और वक्फ बोर्ड के गठन तथा सदस्यों की नियुक्ति को चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक सर्वोच्च न्यायालय का अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक इस तरह की नियुक्तियां नहीं की जानी चाहिए थीं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में वक्फ अधिनियम, 1995 (संशोधित 2025) के प्रावधानों के तहत मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन किया है, बोर्ड में विभिन्न श्रेणियों से सदस्यों की नियुक्ति की गई है, जिसको लेकर अब राजनीतिक और कानूनी बहस तेज हो गई है।




**- पिछले साल लागू किया था वक्फ संशोधन कानून**

वक्फ अधिनियम, 1995 (संशोधित 2025) 2 अप्रैल, 2025 को लोकसभा और राज्यसभा में 3 अप्रैल को 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिल को 5 अप्रैल की देर रात मंजूरी दी थी। सरकार ने वक्फ संशोधन कानून को 8 अप्रैल से देश भर में लागू किया था। 3 जुलाई 2025 को केंद्र सरकार ने यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसके बाद यह कानून पूरे देश में लागू हो गया था।

# सरकारी से 8 गुना महंगा है निजी अस्पतालों में इलाज

## राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण 2025 की घरेलू सामाजिक उपभोग स्वास्थ्य रिपोर्टमें खुलासा

भोपाल। बीमारी अब केवल स्वास्थ्य की नहीं, बल्कि आर्थिक संकट की भी वजह बनती जा रही है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण 2025 की घरेलू सामाजिक उपभोग स्वास्थ्य रिपोर्ट बताती है कि निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च इतना बढ़ चुका है कि आम और मध्यम वर्ग के लिए गुणवत्तापूर्ण उपचार कराना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। इसके विपरीत, सरकारी अस्पताल आज भी कम खर्च में इलाज उपलब्ध कराकर लाखों परिवारों के लिए सबसे बड़ा सहारा बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार निजी अस्पताल में भर्ती होने पर मरीज को औसतन 50 हजार 508 रुपये अपनी जेब से खर्च करने पड़ते हैं। वहीं सरकारी अस्पताल में यही खर्च औसतन छह हजार 631 रुपये है। यानी निजी अस्पताल में इलाज सरकारी अस्पताल की तुलना में लगभग आठ गुना महंगा पड़ रहा है। वहीं देशभर में अस्पताल में भर्ती होने पर मरीज का औसत आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च 34 हजार 064 रुपये है, जो निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए बड़ा आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। राजधानी भोपाल में भी स्वास्थ्य सेवाओं की यही तस्वीर सामने आ रही है। निजी अस्पतालों में सीटी स्कैन, एमआरआई, पैथोलाजी जांच, आईसीयू और निजी कमरों का खर्च लगातार बढ़ रहा है। कई परिवारों को कर्ज लेने या बचत तोड़ने की नौबत आ रही है। दूसरी ओर, हमीदिया और जेपी अस्पताल जैसे सरकारी संस्थानों में बड़ी संख्या में मरीज कम खर्च में इलाज करा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी अस्पतालों में भर्ती होने वाले आधे मरीजों का इलाज 1,100 रुपये या उससे कम खर्च में हो जाता है।

# 14 साल बाद वल्लभ भवन में खुला प्रमोशन का रास्ता

## अब नई सरकारी भर्तियों का भी खुलेगा द्वार

भोपाल । मध्य प्रदेश सरकार ने करीब डेढ़ दशक बाद मंत्रालय (वल्लभ भवन) में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर सरकारी कर्मचारियों के लंबे इंतजार को खत्म कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंजूरी के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने 450 से अधिक कर्मचारियों को पदोन्नति देने के आदेश जारी किए हैं। इस फैसले से न केवल कर्मचारियों की पदोन्नति का रास्ता खुला है, बल्कि मंत्रालय में नई भर्तियों का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है।

सरकार का मानना है कि वर्षों से रुकी पदोन्नतियों के कारण कर्मचारियों में निराशा का माहौल था। अब पदोन्नति मिलने से जहां उनकी कार्यक्षमता और मनोबल बढ़ेगा, वहीं खाली होने वाले पदों पर सीधी भर्ती के जरिए युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर मिलेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मंत्रालय में कुल 461 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। इनमें 301 सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-2 बनाया गया है। 160 सहायक ग्रेड-2 कर्मचारियों को सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इन पदोन्नतियों के बाद संबंधित संवर्गों में बड़ी संख्या में पद रिक्त हो गए हैं, जिन पर अब नई नियुक्तियां की जाएंगी।

### 600 से अधिक पदों पर होगी सीधी भर्ती

वल्लभ भवन में सहायक ग्रेड-3 के 600 से अधिक स्वीकृत पद हैं। पदोन्नतियों के बाद इन पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मंत्रालय के विभिन्न विभागों से रिक्त पदों का विवरण मांगा जा रहा है, जिसके आधार पर भर्ती प्रस्ताव तैयार कर कर्मचारी चयन मंडल को भेजा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि अगस्त से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है ताकि खाली पदों को जल्द भरा जा सके। सरकार केवल लिपिकीय संवर्ग तक सीमित नहीं रहेगी। लगभग 100 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी पदोन्नति देने की तैयारी है। इनके प्रमोशन के बाद जो पद खाली होंगे, उन पर भी सीधी भर्ती की जाएगी। इससे रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे।

### 2012 के बाद पहली बार खुला प्रमोशन चैनल

मंत्रालय में अंतिम बार वर्ष 2012 में पदोन्नति हुई थी। नियमानुसार 2016 में अगला प्रमोशन होना था, लेकिन आरक्षण और अन्य कानूनी विवादों के कारण मामला न्यायालय में लंबित हो गया। इसके चलते लगभग एक दशक तक कर्मचारियों को पदोन्नति नहीं मिल सकी। इस दौरान अनेक कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए, जबकि कई का निधन भी हो गया। अब सरकार के इस निर्णय से लंबे समय से रुकी प्रक्रिया दोबारा शुरू हो गई है।

### कर्मचारियों को पदोन्नति, युवाओं को नौकरी

सरकार के इस फैसले से दो स्तर पर लाभ मिलने की उम्मीद है। पहला, वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे कर्मचारियों को आर्थिक और प्रशासनिक लाभ मिलेगा। दूसरा, पद रिक्त होने से बड़ी संख्या में नई भर्तियां होंगी, जिससे सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे। अधिकारियों का कहना है कि मंत्रालय में कार्यभार लगातार बढ़ा है। ऐसे में रिक्त पदों को लंबे समय तक खाली रखना संभव नहीं है। इसलिए पदोन्नति के साथ-साथ भर्ती प्रक्रिया को भी तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी विभागों से रिक्त पदों का ब्यौरा लिया जा रहा है। इसके बाद भर्ती का प्रस्ताव कर्मचारी चयन मंडल को भेजा जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि पदोन्नति के तुरंत बाद भर्ती प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी जाए, ताकि मंत्रालय में आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध हो सके।

### कर्मचारी संगठनों ने किया स्वागत

मध्य प्रदेश कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रमेश चंद्र शर्मा ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षों बाद मंत्रालय में पदोन्नतियां होने से कर्मचारियों में नया उत्साह आया है। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया। कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार के इस फैसले को मंत्रालय की प्रशासनिक व्यवस्था में लंबे समय बाद आया बड़ा बदलाव माना जा रहा है। यदि भर्ती प्रक्रिया तय समय पर शुरू होती है तो यह निर्णय न केवल कर्मचारियों के लिए राहत साबित होगा, बल्कि प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए भी सरकारी सेवा में प्रवेश का नया अवसर लेकर आएगा।

# 13 राप्रसे अधिकारियों को मिलेगा आईएएस बनने का मौका

## - 2007 और 2008 बैच के 39 अधिकारियों के नाम भेजे जाएंगे

भोपाल । मध्य प्रदेश में इस वर्ष राज्य प्रशासनिक सेवा के 13 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति का अवसर मिलने जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंजूरी दे दी है। अब यह प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के लिए भेजा जाएगा। सरकार का प्रयास है कि 15 अगस्त से पहले डीपीसी की बैठक आयोजित हो जाए। सूत्रों के अनुसार इस पदोन्नति के लिए 2007 और 2008 बैच के कुल 39 राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के नाम डीपीसी के समक्ष भेजे जा रहे हैं। इनमें मिनिषा पांडे, इला तिवारी, नीता राठौर, शैलेंद्र सिंह सोलंकी, रानी पासी, रंजना देवड़ा, माधवी नागेंद्र, वर्षा सोलंकी, प्रियंका गोयल, अभिषेक दुबे, नरोत्तम प्रसाद भार्गव, निधि सिंह राजपूत, निमिषा जायसवाल और संदीप सोनी सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

### कुछ अधिकारियों की दावेदारी पर संशय

सूत्रों के मुताबिक 1999 बैच के जयेंद्र विजयवत आयु सीमा के कारण दौड़ से बाहर हो चुके हैं। वहीं 2002 बैच के कमल नागर का मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण उनकी दावेदारी पर फैसला फिलहाल टल सकता है। इसके अलावा 2007 बैच की सपना लोवंशी के विरुद्ध जांच लंबित होने से उनके नाम पर भी अंतिम निर्णय डीपीसी में होगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रस्ताव इसी सप्ताह कस्ट को भेजा जाएगा। वहां परीक्षण के बाद डीपीसी की तिथि तय होगी। यदि 15 अगस्त तक बैठक हो जाती है तो पूरी प्रक्रिया सितंबर-अक्टूबर तक पूरी कर पदोन्नति की अधिसूचना जारी होने की संभावना है।

# जंगल बचाने के लिए कोरकू समाज का महाआंदोलन

भोपाल। खंडवा और बुरहानपुर जिले के कोरकू समाज ने 13 जुलाई को खंडवा में महाआंदोलन करने का आह्वान किया है। आंदोलन को लेकर सोशल मीडिया पर प्रचार के साथ ही गांव-गांव में बैठकें ली जा रही हैं। उनके द्वारा जंगल क्षेत्र में बाहरी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। वन विभाग की कार्रवाई के समर्थन में बड़ी संख्या में समाजजन जुटेंगे। आंदोलन 13 जुलाई को सुबह 10 बजे खंडवा में शुरू होगा और आंदोलन समाप्त होने तक जारी रहेगा। इसे कोरकू समाज, खंडवा-बुरहानपुर की ओर से आयोजित होना बताया गया है।

आंदोलन को सफल बनाने के लिए कोरकू समाज संगठन ने खंडवा और बुरहानपुर जिले के गांव-गांव में बैठकें शुरू कर दी हैं। समाज के पदाधिकारियों के अनुसार, बुरहानपुर जिले से भी बड़ी संख्या में समाजजन आंदोलन में शामिल होने के लिए खंडवा पहुंचेंगे। संगठन का दावा है कि करीब दो हजार समाजजन खंडवा कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

### ये हैं आंदोलन के प्रमुख मुद्दे

बताया गया कि कोरकू समाज वर्षों से जंगलों की रक्षा करता आया है और जल, जंगल एवं जमीन को अपनी संस्कृति और जीवन का आधार मानता है। समाज का आरोप है कि बाहरी अतिक्रमणकारी जंगलों पर कब्जा कर रहे हैं, जिससे वन संपदा, पर्यावरण और आदिवासी समाज के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर समाज के लोगों को धमकियां दी जाती हैं, झूठे मामलों में फंसाया जाता है और जंगलों की अवैध कटाई की जा रही है। समाज ने हाल ही में हुई वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को सही और आवश्यक बताया गया है। इसमें कहा गया है कि वन संरक्षण से ही जल, जंगल और भविष्य सुरक्षित रहेगा तथा समाज वन विभाग की वैधानिक कार्रवाई में पूरा सहयोग करेगा।

### 13 जुलाई को आमने-सामने हो सकते हैं दोनों पक्ष

इधर, जिन लोगों पर अतिक्रमण के आरोप लगाए जा रहे हैं, उनकी ओर से भी 13 जुलाई को प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की बात कही गई हैं। ऐसे में एक ओर वन संरक्षण और अतिक्रमण हटाने के समर्थन में कोरकू समाज प्रदर्शन करेगा, जबकि दूसरी ओर अतिक्रमण कार्रवाई का विरोध करने वाले लोगों के भी प्रदर्शन की संभावना है। इसे देखते हुए 13 जुलाई को खंडवा में दोनों पक्षों के आमने-सामने आने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में प्रशासन के सामने कानून-व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती भी रहेगी।

# बर्थ रजिस्ट्रेशन के मामले में मप्र राष्ट्रीय औसत से ऊपर

## - सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम रिपोर्ट 2024 की रिपोर्ट में खुलासा...

भोपाल। मध्य प्रदेश में जन्म लेने वाले बच्चों के रजिस्ट्रेशन के मामले में सरकारी सिस्टम आड़े नहीं आता, इस मामले में मध्य प्रदेश में पिछले सालों में जबरदस्त सुधार हुआ है। जन्म के बाद बच्चों के रजिस्ट्रेशन के मामले में मध्य प्रदेश की स्थिति राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। जन्म पंजीयन के मामले में मध्य प्रदेश राष्ट्रीय औसत 99.1 फीसदी से ऊपर रहने वाले 18 राज्यों में शामिल है। इसका खुलासा भारत के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय द्वारा जारी सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम रिपोर्ट 2024 से हुआ है। यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक मध्य प्रदेश में जन्म के रजिस्ट्रेशन के मामले में सुधार हुआ है, लेकिन मृत्यु पंजीयन के मामले में एमपी राष्ट्रीय औसत से पीछे है।

सीआरएस की रिपोर्ट के मुताबिक मध्य प्रदेश में जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रेशन को लेकर स्थिति मिलीजुली (मिड-रेंज-कैटेगरी) है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में मध्य प्रदेश में 19 लाख 96 हजार 172 जन्म और 5 लाख 73 हजार 608 मृत्यु दर्ज की गई है। प्रदेश में 1 जनवरी 2015 से ओरजीआई के सीआरएस पोर्टल के माध्यम से जन्म और मृत्यु का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

### जन्म पंजीयन मामले में एमपी 18 राज्यों में शामिल

समय पर पंजीयन के मामले में मध्य प्रदेश मध्यम श्रेणी में है। रिपोर्ट के अनुसार देशभर में केवल 50 से 80 प्रतिशत जन्म ही निर्धारित 21 दिन की समय-सीमा में दर्ज हो पाते हैं, हालांकि जन्म पंजीयन यानि बर्थ रजिस्ट्रेशन के स्तर में मध्य प्रदेश राष्ट्रीय औसत 99.1 प्रतिशत से ऊपर रहने वाले 18 राज्यों में शामिल है। वहीं मृत्यु पंजीयन यानि डेथ रजिस्ट्रेशन में राज्य राष्ट्रीय स्तर से पीछे है और उन 7 बड़े राज्यों में शामिल है, जहां डेथ का रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय औसत से कम है। साल 2024 में राज्य में रजिस्ट्रेशन सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए 1131 निरीक्षण किए गए, जिनमें 880 ग्रामीण और 251 शहरी इकाइयां शामिल हैं। सबसे ज्यादा 158 निरीक्षण नर्मदापुरम और 97 निरीक्षण जबलपुर जिले में किए गए। इसी दौरान कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए 369 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 25 हजार 948 रजिस्ट्रेशन कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। नकली प्रमाण पत्रों पर रोक के लिए अखबारों में जागरूकता विज्ञापन भी प्रकाशित किए गए।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि देश में सबसे अधिक 62 हजार 780 रजिस्ट्रेशन यूनिट उत्तर प्रदेश में हैं, जबकि मध्य प्रदेश में 24 हजार 550 यूनिट कार्यरत हैं। देश की कुल पंजीयन इकाइयों का लगभग 88.5 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश सहित 10 बड़े राज्यों में केंद्रित है।

### सबसे ज्यादा बर्थ रजिस्ट्रेशन 2024 और सबसे कम 2016 में हुए

वहीं 19 में से 13 बड़े राज्यों पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, बिहार, तमिलनाडु, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा और गुजरात ने बर्थ के रजिस्ट्रेशन का 90 प्रतिशत लेवल पार कर लिया है। सबसे ज्यादा रजिस्टर्ड जन्म 2024 में 1996172 हुए थे और सबसे कम 2016 में 1465779 दर्ज किए गए थे। वहीं सबसे ज्यादा डेथ रजिस्ट्रेशन 2021 (702527) में सबसे ज्यादा थे, फिर 2024 में 573608 मौतों के साथ स्थिर हो गए।

# दिल्ली से तय होंगे भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार

## दतिया उपचुनाव : उम्मीदवार चयन और चुनावी रणनीति में जुटी पार्टियां

भोपाल। दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा जहां प्रत्याशी के चयन और चुनावी रणनीति पर मंथन कर रही है, वहीं कांग्रेस ने संभावित उम्मीदवारों के तीन नामों का पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजने की तैयारी पूरी कर ली है। दोनों ही दलों में अंतिम फैसला दिल्ली से होने की संभावना है। दतिया विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को मतदान होना है। 13 जुलाई नामांकन की अंतिम तिथि है, जबकि 3 अगस्त को मतगणना होगी। ऐसे में दोनों प्रमुख दल उम्मीदवार चयन और चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर दतिया में आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद भाजपा के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में उपचुनाव की रणनीति पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश संगठन पहले चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देगा, जिसके बाद प्रत्याशी के नाम सहित पूरी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी। अंतिम निर्णय भाजपा संसदीय नेतृत्व करेगा। माना जा रहा है कि 7 या 8 जुलाई तक पार्टी उम्मीदवार की घोषणा कर सकती है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्पष्ट किया कि उम्मीदवार का चयन केंद्रीय नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली से नाम मांगे जाएंगे, तब प्रदेश संगठन अपनी अनुशंसा भेजेगा। किसे चुनाव लड़ाना है, इसका अंतिम निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व ही करेगा।

### नरोतम मिश्रा की दावेदारी सबसे मजबूत

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भले ही सार्वजनिक रूप से किसी नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है। वे पहले भी दतिया से चुनाव लड़ चुके हैं और क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। कुछ दिन पहले वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी संकेत दे चुके हैं कि भाजपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी। हालांकि उन्होंने भी उम्मीदवार के नाम पर अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व पर छोड़ दिया था। भाजपा का कहना है कि पार्टी बूथ, मंडल और जिला स्तर पर नियमित संगठनात्मक बैठकों के कारण हर समय चुनाव के लिए तैयार रहती है। इसलिए उपचुनाव के लिए अलग से संगठन खड़ा करने की आवश्यकता नहीं है।

### कांग्रेस ने तैयार किया तीन नामों का पैनल

दूसरी ओर कांग्रेस भी अपनी सीट बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हाल ही में दतिया में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से व्यापक रायशुमारी की। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने तीन संभावित नामों का पैनल तैयार किया है, जिसे जल्द केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पूर्व विधायक राजेंद्र भारती के परिवार को प्राथमिकता दी जा रही है। शुरुआत में उनके पुत्र अनुज भारती का नाम सबसे आगे माना जा रहा था, लेकिन अब उनकी पत्नी शोभा भारती की दावेदारी मजबूत होती दिखाई दे रही है। कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के बीच शोभा भारती के नाम पर अधिक सहमति बनने की चर्चा है। कांग्रेस की संभावित सूची में पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष अवधेश नायक और भांडेर के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह के नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं। दतिया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान मंच से पूर्व विधायक राजेंद्र भारती का संदेश पढ़कर सुनाया गया। इसे संगठन ने यह संकेत माना कि चुनाव में भारती परिवार की भूमिका अहम रहने वाली है और पार्टी उनके सहयोग के बिना चुनाव नहीं लड़ना चाहती।

### ओबीसी और जातीय समीकरणों पर फोकस

कांग्रेस चुनावी रणनीति में जातीय और सामाजिक समीकरणों पर विशेष ध्यान दे रही है। पार्टी ओबीसी वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अलग-अलग समाजों के नेताओं को जिम्मेदारी देने की तैयारी कर रही है। साथ ही सभी दावेदारों को एकजुट होकर अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में काम करने का संदेश दिया गया है। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार अधिसूचना जारी होने के साथ ही 6 जुलाई से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रत्याशी 13 जुलाई तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 30 जुलाई को मतदान और 3 अगस्त को मतगणना होगी। उधर प्रशासन ने भी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं।

# जाति प्रमाण पत्र मामले में मंत्री प्रतिमा बागरी की सुनवाई पूरी

भोपाल । नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामले में सोमवार को एससी मामलों की छानबीन समिति के समक्ष सुनवाई हुई। लगभग एक घंटे तक शिकायतकर्ता और कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार का पक्ष सुना गया इसके बाद मंत्री प्रतिमा बागरी ने अपने समर्थन में समिति के समक्ष अपना पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता प्रदीप अहिरवार ने अपने दावों के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत किए। उनके समर्थन में सतना और पन्ना जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग भोपाल पहुंचे। अहिरवार ने समिति के समक्ष कहा कि भारत सरकार के वर्ष 1950 के गजट में बागरी समुदाय अनुसूचित जाति की सूची में शामिल नहीं था। उनके अनुसार वर्ष 1977 में मध्य प्रदेश का गजट जारी होने के बाद बागरी समुदाय की कुछ उपजातियां राजपूत वर्ग में और कुछ अनुसूचित जाति में शामिल हुईं। उनका आरोप है कि प्रतिमा बागरी का परिवार मूल रूप से राजपूत वर्ग में था, लेकिन 1977 की अधिसूचना के बाद वर्ष 1981 की जनगणना में स्वयं को अनुसूचित जाति के रूप में दर्ज कराया गया।

### मंत्री का पक्ष

वहीं, मंत्री प्रतिमा बागरी ने शिकायतों को राजनीतिक बताते हुए कहा कि कांग्रेस अनुसूचित जाति वर्ग की एक महिला के मंत्री बनने को स्वीकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1950 में मध्य प्रदेश राज्य का गठन ही नहीं हुआ था, इसलिए उस समय की अधिसूचना के आधार पर सवाल उठाने का कोई औचित्य नहीं है। अब समिति दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और तर्कों का परीक्षण कर आगे की कार्रवाई करेगी।

# ई-अटेंडेंस के नए नियम पर बिजली कर्मचारियों का विरोध

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में करीब 20 हजार कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मप्र. बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन ने आरोप लगाया है कि आइटी सेल ने बिना किसी लिखित आदेश के मौखिक निर्देशों के जरिए अब केवल फिंगरप्रिंट वेरिफिकेशन वाले मोबाइल से ही हाजिरी लगाने की व्यवस्था लागू कर दी है। संगठन का कहना है कि जिन कर्मचारियों के पास ऐसे मोबाइल नहीं हैं, उनकी अटेंडेंस दर्ज नहीं होगी, जिससे वेतन कटौती का खतरा पैदा हो गया है। संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव ने बताया कि एक वर्ष पहले एंड्रायड 9 और एंड्रायड 10 वर्जन के मोबाइल भी अमान्य कर दिए गए थे और अब नया नियम लागू किया जा रहा है।

संगठन ने आरोप लगाया कि कंपनी ने पहले लगभग 65 लाख रुपये खर्च कर सैकड़ों बायोमैट्रिक थंब और आइ-स्कैन डिवाइस खरीदी थीं। ये मशीनें वर्तमान में विभिन्न कार्यालयों और उपकेंद्रों में उपयोग के बजाय धूल खा रही हैं। संगठन ने मांग की है कि कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए इन्हीं बायोमैट्रिक मशीनों का दोबारा उपयोग शुरू किया जाए।

# टीएमसी टूटी, ठाकरे के सांसद हुए बागी; फिर भी बीजेपी के लिए संसद में टेड़ी खीर बने है ये 2 बिल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी महिला आरक्षण को फिर अपना प्रमुख राजनीतिक एजेंडा बनाने की तैयारी में है, विशेषकर आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को देखकर इसकी अहमियत बढ़ गई है। पश्चिम बंगाल में महिला वोटरों के बीच मिली सफलता से उत्साहित भाजपा मुद्दे पर आगे बढ़ना चाहती है। वहीं, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी इस बिल को लेकर मोदी सरकार को घेरने की रणनीति बना रही हैं, खासकर महिला हितों के सवाल पर। इसी क्रम में, केंद्र सरकार संसद के आगामी मॉनसून सत्र में महिला आरक्षण से जुड़े संवैधानिक संशोधन के साथ-साथ लोकसभा सीटों के पुनर्निर्धारण (परिसीमन) से जुड़ा विधेयक लाने की तैयारी में है।

हालांकि, लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर करीब 850 करने के प्रस्तावित विचार के साथ, इन दोनों संवैधानिक संशोधनों को पारित कराने के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा, जो मोदी सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है। लोकसभा में एनडीए के पास वर्तमान में 293 सांसद हैं, और यदि तृणमूल कांग्रेस तथा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के 26 सांसदों के दलबदल को मान्यता मिलती है, तब भी कुल संख्या 319 तक ही पहुंचेगी, जबकि दो-तिहाई बहुमत के लिए 360 सांसदों का समर्थन जरूरी है। राज्यसभा में भी एनडीए के पास 152 सदस्य हैं, जबकि बहुमत का आंकड़ा 161 है। इसके बाद मोदी सरकार को कुछ विपक्षी दलों का समर्थन हासिल करना होगा या



उनके मतदान से दूर रहने की उम्मीद करनी होगी, ताकि प्रभावी बहुमत का आंकड़ा कम हो सके।

इन विधेयकों को पारित कराने में प्रमुख बाधा संवैधानिक पेच और क्षेत्रीय दलों की चिंताएं हैं। तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी डीएमके, जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सीटों के नुकसान की आशंका के कारण, परिसीमन को लेकर लंबे समय से चिंता जता रही है। संविधान का अनुच्छेद 81 स्पष्ट करता है कि लोकसभा में राज्यों को मिलने वाली सीटें उनकी आबादी के अनुपात में होंगी। यदि 2011 की जनगणना के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण होता है, तब उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे अधिक आबादी वाले राज्यों को फायदा मिलेगा, जबकि तमिलनाडु और केरल जैसे दक्षिणी राज्यों की सीटों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में प्रावधान था कि महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होगा, लेकिन जनगणना में देरी के चलते सरकार अब 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन और महिला आरक्षण लागू करने का विकल्प तलाश रही है।

इसके बाद राजनीतिक और संवैधानिक जानकार मानते हैं कि मोदी सरकार ऐसा संशोधन ला सकती है, जिसमें राज्यों के बीच सीटों के मौजूदा बंटवारे को कुछ और वर्षों तक यथावत रखा जाए, लेकिन प्रत्येक राज्य के भीतर विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों का परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर किया जाए। यह समझौता फार्मूला सरकार को कुछ विपक्षी दलों का समर्थन दिलाने में सहायक हो सकता है। महिला आरक्षण और परिसीमन अब केवल संसदीय मुद्दे नहीं रह गए हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले ये राष्ट्रीय राजनीति के बड़े चुनावी मुद्दे बनते दिख रहे हैं। जहां भाजपा इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश करेगी, वहीं विपक्ष इसे संवैधानिक प्रक्रियाओं में देरी और महिलाओं से किए गए अधूरे वादों का मुद्दा बनाकर घेरेगा। मॉनसून सत्र में होने वाली इन विधेयकों पर बहस का सीधा असर आगामी विधानसभा चुनावों की राजनीति पर भी दिखाई देगा।

# करूर भगदड़ : सीएम और मंत्रियों की बयानबाजी रोकने की याचिका पर आज सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में मंगलवार को सुनवाई करेगा। यह सुनवाई द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) द्वारा दाखिल की गई याचिका पर होगी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य के मुख्यमंत्री विजय और कुछ मंत्री सीबीआई जांच को प्रभावित करने वाले सार्वजनिक बयान दे रहे हैं। जस्टिस अहसनुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस शील नागु की पीठ महत्वपूर्ण मामले को सुनेगी, जिसमें गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मंत्रियों की बयानबाजी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

दरअसल डीएमके नेता आरएस भारती ने अपनी याचिका में मंत्री आधव अर्जुन के बयानों का हवाला दिया है, जो इस मामले में खुद एक आरोपी हैं। याचिका में कहा गया है कि अर्जुन ने हाल ही में सार्वजनिक कार्यक्रम में हिसाब बराबर करना है जैसे भड़काऊ बयान दिए और करूर भगदड़ के लिए पिछली डीएमके सरकार को जिम्मेदार ठहराया। डीएमके का आरोप है कि इसतरह के बयान जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हैं और राजनीतिक लाभ के लिए जनता की राय को प्रभावित करने का प्रयास है, जो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही सीबीआई जांच के लिए अनुचित है।

याचिका में मुख्यमंत्री विजय के आगामी करूर दौरे पर भी चिंता जाहिर की गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मुख्यमंत्री विजय 10 जुलाई को करूर जाकर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को सरकारी सहायता और अनुकंपा नियुक्तियां प्रदान कर सकते हैं। डीएमके का मानना है कि यह कदम भी जांच को प्रभावित कर सकता है और पीड़ितों या उनके परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर सकता है। डीएमके की याचिका में कोर्ट से आग्रह किया गया है कि सीबीआई जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित पक्षों, विशेषकर सत्ता में बैठे लोगों को सार्वजनिक बयानबाजी से रोका जाए।

यह मामला बीते साल 27 सितंबर को करूर जिले में हुई एक भीषण भगदड़ से जुड़ा है। मुख्यमंत्री विजय की एक चुनावी रैली के दौरान भारी भीड़ और कथित कुप्रबंधन के कारण हुई घटना में 41 लोगों की जान चली गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी, जिसकी निगरानी पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी के नेतृत्व वाली एक समिति कर रही है।

# एक न्यायपूर्ण बदलाव की बुनियाद सीबी मुथम्मा का ऐतिहासिक संघर्ष

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय विदेश सचिव निरुपमा राव ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सितंबर 1979 के अखबार की एक पुरानी क्लिपिंग साझा कर भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय को याद किया। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी संस्था में दूरगामी सुधारों की शुरुआत अक्सर एक व्यक्ति के अन्याय को चुपचाप स्वीकार न करने के दृढ़ संकल्प से होती है। उनके इस ट्वीट को दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी री-पोस्ट किया है, जो इस प्रेरक कहानी के महत्व को दिखाता है। यह क्लिपिंग राजदूत सीबी मुथम्मा के संघर्ष से जुड़ी है, जो भारतीय विदेश सेवा में चुनी जाने वाली पहली महिला थीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बावजूद, उन्हें सेवा में ग्रेड वन पदोन्नति से वंचित किया गया था। मुथम्मा ने इस अन्याय के खिलाफ सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। हालांकि तत्काल मुद्दा उनकी पदोन्नति और वरिष्ठता का था, लेकिन अदालत का फैसला इससे कहीं अधिक व्यापक रहा। सुप्रीम कोर्ट ने उन सेवा नियमों पर गंभीर चिंता जाहिर की जो महिलाओं के खिलाफ भेदभाव करते थे, उन्हें लैंगिक भेदभाव का दाग करार दिया। शीर्ष अदालत ने सरकार को स्पष्ट रूप से याद दिलाया कि समान मौका एक संवैधानिक गारंटी है, न कि कोई रियायत, और इस भेदभावपूर्ण दाग को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। निरुपमा राव ने ऐतिहासिक फैसले को आज भी उतना ही प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि संस्थानों में प्रगति शायद ही कभी अचानक होती है, यह तब होती है जब साहसी लोग इस बात पर जोर देते हैं कि अवसर का फैसला योग्यता के आधार पर होना चाहिए, न कि किसी भी तरह के भेदभाव के आधार पर। उन्होंने राजदूत मुथम्मा के मामले को उन अहम पलों में से एक बताया जब पुरानी परंपराओं पर संवैधानिक मूल्यों की जीत हुई। स्वयं राव, जिन्होंने मुथम्मा के इस ऐतिहासिक फैसले से कुछ साल पहले ही भारतीय विदेश सेवा जॉइन की थी, ने स्वीकार किया कि उनके दौर की महिला अफसरों के लिए एक बेहद अहम मोड़ था। उन्होंने कहा, हम सीबी मुथम्मा की कर्जदार हैं, जिनके अन्याय के खिलाफ लड़ने के समर्पण ने बाद में आने वालों के लिए पेशेवर माहौल को बदल दिया। मुथम्मा (1924-2009), जो भारत की पहली महिला थीं जिन्होंने सिविल सेवा परीक्षा पास की और 1949 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुईं, ने हंगरी, घाना और नीदरलैंड्स में राजनयिक के रूप में सेवा दी। निरुपमा राव, जो स्वयं 2009-2011 तक भारत की विदेश सचिव और भारतीय विदेश मंत्रालय की पहली महिला प्रवक्ता रह चुकी हैं, मुथम्मा के संघर्ष की इस स्थायी विरासत का एक जीता-जागता उदाहरण हैं।

# ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स 2026 की सूची में भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में गिरावट

नई दिल्ली। ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स 2026 में भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में एक बार गिर गई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत 125वें स्थान पर पहुंच गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिहाज से भारतीय पासपोर्ट की स्थिति और कमजोर हो गई है। इस रैंकिंग के मुताबिक भारतीय नागरिक केवल 26 देशों और क्षेत्रों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल सुविधा के साथ यात्रा कर सकते हैं। पिछले कुछ सालों में मामूली सुधार के बावजूद भारत अब भी दुनिया के शीर्ष 100 पासपोर्ट वाले देशों की सूची में जगह नहीं बना पाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 और 2023 में भारत 127वें स्थान पर था। इसके बाद 2025 में रैंकिंग में हल्का सुधार हुआ और देश 124वें स्थान तक पहुंचा, लेकिन 2026 में फिर एक स्थान नीचे खिसककर 125वें नंबर पर आ गया। इससे साफ होता है कि वैश्विक यात्रा सुविधा के मामले में भारत की स्थिति अभी भी अपेक्षाकृत कमजोर है। नई रैंकिंग में भारत नामीबिया, फिलीपींस, मोरक्को और उज्बेकिस्तान जैसे देशों से भी पीछे है। भारतीय पासपोर्ट धारकों को भूटान, नेपाल, जमैका, मकाऊ, फिलिस्तीन, ट्यूनीशिया, अंगोला और बारबाडोस समेत कुल 26 देशों और क्षेत्रों में बिना पूर्व वीजा या वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा मिलती है।

वहीं दूसरी ओर अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, चीन और यूएई समेत करीब 88 देशों की यात्रा के लिए भारतीय नागरिकों को पहले से वीजा प्राप्त करना जरूरी है। दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में भारत की स्थिति मिश्रित है। चीन इस सूची में भारत से आगे है। बांग्लादेश 166वें, नेपाल 164वें और पाकिस्तान 188वें स्थान पर है। ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स 2026 के मुताबिक दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट स्वीडन का है। इसके बाद स्विट्जरलैंड, फिनलैंड, जर्मनी, डेनमार्क, नीदरलैंड्स, आयरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, नॉर्वे और फिर सिंगापुर दसवें स्थान पर आता है।

# इजरायली पीएम नेतन्याहू ने की भारत की तारीफ...कांग्रेस को लगी मिर्ची

नई दिल्ली। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल ही में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान पर प्रतिक्रिया देकर भारत और भारतीयों की जमकर तारीफ की थी। उपराष्ट्रपति वेंस ने इजरायल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ने की बात कही थी, जिसके जवाब में नेतन्याहू ने दावा किया था कि मित्र राष्ट्र भारत इजरायल के साथ मजबूती से खड़ा है। हालांकि, उनके बयान ने भारतीय राजनीति में हलचल मचा दी है। कांग्रेस ने न केवल नेतन्याहू,बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी निशाने पर लेकर भारत के मूल्यों से विश्वासघात बताया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने नेतन्याहू के दावे को सीधे तौर पर खारिज किया कि उन्हें भारत से जबरदस्त समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस नेता रमेश ने लिखा, पीएम नेतन्याहू गलत हैं। उन्होंने मोदी सरकार पर इजरायल के प्रति अंधभक्ति का आरोप लगाकर कहा कि करोड़ों भारतीय इजरायल द्वारा गाजा में किए जा रहे नरसंहार की निंदा करते हैं, जिसमें बच्चों को भी बख्शा नहीं गया है। कांग्रेस नेता रमेश ने वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के जबरन विस्थापन, ईरान पर भारी हवाई हमलों और दक्षिणी लेबनान में क्रूर सैन्य हमलों की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने इन कार्रवाइयों को मानवता पर सीधे हमले बताया।

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की पत्थर जैसी चुप्पी को भारत की सभ्यतागत विरासत और मूल्यों के साथ विश्वासघात बताया। उनके अनुसार, स्वयंघोषित विश्वगुरु की इजरायल की इन कार्रवाइयों पर ऐसी चुप्पी पूरी तरह अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता रमेश ने स्पष्ट किया कि नेतन्याहू जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़े नेता से तमगा मिलना भारत के लिए कोई सम्मान की बात नहीं है। उन्होंने दावा किया कि नेतन्याहू के प्रति खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी अपना अच्छा मित्र मानते हैं, निराशा और गुस्से में हैं। दरअसल, पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध रोकने की डील को लेकर इजरायल और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में मतभेद सामने आए। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इजरायली पीएम नेतन्याहू से कहा था कि उन्हें समझना चाहिए कि इजरायल अब दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है और उसे केवल अमेरिका जैसी बड़ी ताकत का साथ मिल रहा है। वेंस के बयान पर प्रतिक्रिया देकर नेतन्याहू ने अमेरिका को याद दिलाया कि भारत जैसे विशाल और शक्तिशाली देश के लोगों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त है।

# यह लड़ाई लंबी चलने वाली है हमें अनशन करके जान जोखिम में नहीं डालनी चाहिए

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक की वजह से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। आंदोलन को समर्थन दे रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले 9 दिनों से अनशन कर रहे हैं। वांगचुक के साथ कुछ छात्र भी अनशन पर बैठे हैं, जिन्हें अनशन खत्म करने के लिए मनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर सीजेपी बनाकर सनसनी मचा देने वाले अभिजीत दीपके भी इन छात्रों से कह रहे हैं कि यह लड़ाई लंबी है और उन्हें अनशन करके जान जोखिम में नहीं डालनी चाहिए। दीपके का कहना है कि सोनम वांगचुक को अनशन का अनुभव है, इसलिए उन्हें ही करने दें। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेपी के मंच पर सोनम वांगचुक 9 दिन से अनशन पर हैं। बताया जा रहा है कि उनका वजन तेजी से घट रहा है। चार दिन में ही फॉलोअर्स के मामले में बीजेपी और कांग्रेस को पीछे छोड़ देने वाले अभिजीत दीपके जमीन पर अपेक्षा मुताबिक भीड़ नहीं उतार पाए हैं। कुछ समर्थकों और छात्रों के साथ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे दीपके का एक बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसमें वह यह कहते नजर आ रहे हैं कि लड़ाई लंबी चलने वाली है और इसलिए सोनम वांगचुक को छोड़कर बाकी सदस्यों को अनशन नहीं करना चाहिए, उन्हें फिट रहने की जरूरत है। एक यूट्यूब चैनल से बातचीत में दीपके ने कहा कि मैंने तो बहुत मनाया है। सारे लोगों से मैंने कहा है कि प्लीज आप लोग भूख हड़ताल मत कीजिए। क्योंकि अगर सारे लोग भूख हड़ताल करने लग गए...सरकार को तो परवाह नहीं है।

# थलपति विजय- संतुलन की राजनीति, विपक्ष के लिए नई सीख

## -ममता, केजरीवाल और स्टालिन से अलग

चेन्नई,। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद से मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की राजनीतिक रणनीति लगातार चर्चा में है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि वे देश में विपक्ष की राजनीति को एक नया आयाम दे रहे हैं और उनकी संतुलन साधने वाली रणनीति कई अन्य विपक्षी दलों के लिए एक सीख साबित हो सकती है, जिससे वे फिर सुपरस्टार के रूप में उभर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, विजय का मॉडल तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल या तमिलनाडु के ही पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की राजनीति से बिलकुल जुदा है। जहां इन नेताओं के केंद्र से रिश्ते अक्सर तनावपूर्ण रहे हैं, वहीं विजय आरोप-प्रत्यारोप की बजाय संवाद पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। उनकी रणनीति भाजपा पर मुद्दों को लेकर हमलावर रहने और केंद्र को घेरने के साथ-साथ, अनावश्यक रूप से केंद्र सरकार से बैर न रखने दिख रही है।

हाल के उनके कदम रणनीति की पुष्टि करते हैं। 27 मई को अपनी पहली आधिकारिक दिल्ली यात्रा पर, सीएम विजय ने प्रधानमंत्री मोदी से करीब आधे घंटे मुलाकात की। यह केवल एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि वे राज्य के कई महत्वपूर्ण मुद्दे लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कर्नाटक के साथ मेकेदातु बांध विवाद में केंद्र के हस्तक्षेप, श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार तमिल मछुआरों की सुरक्षा और कपड़ा उद्योग को राहत देने के लिए कपास पर आयात शुल्क घटाने की अपील की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं को सामने रखा। जून में उनका नीति आयोग की बैठक में शामिल होना महत्वपूर्ण है, जबकि कई विपक्षी दल अक्सर ऐसी बैठकों का बहिष्कार करते हैं। उन्होंने बैठक में राज्य के लिए 3,284 करोड़ रुपये के शिक्षा फंड की मांग की।

हालांकि, केंद्र से संवाद स्थापित करने का यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि मुख्यमंत्री विजय ने अपनी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के वैचारिक सिद्धांतों से समझौता किया है। उनकी सरकार ने तमिलनाडु की द्रविड़ियन राजनीति के आधार पर केंद्र की राष्ट्रीय शिक्षा नीति और त्रि-भाषा फॉर्मूले का मुखर विरोध जारी रखा है। हाल ही में, 1 जुलाई को, विजय ने केंद्र की विकसित भारत-जी राम जी ग्रामीण रोजगार योजना के 60:40 के फंडिंग फॉर्मूले पर कड़ा विरोध जताकर प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा, जिसमें तर्क दिया गया कि इससे राज्य पर 5,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

# भूतों के अस्तित्व और अपने अनुभव पर बागेश्वर बाबा का बेबाक बयान

मुंबई। बाबा बागेश्वर के नाम से मशहूर कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, जो अपने दिव्य दरबार में कथित प्रेत बाधाओं से मुक्ति दिलाने का दावा करते हैं, ने भूतों के अस्तित्व और उनसे अपने अनुभव को लेकर बयान दिया है। मुंबई में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इन सवालों का बेबाकी से जवाब दिया कि क्या भूत होते हैं और क्या उन्होंने कभी खुद उन्हें देखा है। धीरेंद्र शास्त्री के अनुसार, भूत होते हैं और किसी के मानने या न मानने से उनका अस्तित्व नहीं बदलता। उन्होंने हनुमान चालीसा का हवाला देकर कहा कि यदि भूत पिशाच निकट न आवे जैसे शब्द उसमें हैं, तब यह गलत नहीं हो सकता। बाबा बागेश्वर ने साफ किया कि नकारात्मक ऊर्जा ही भूत-प्रेत का एक रूप है, जिसे बालाजी या मेहंदीपुर जैसे स्थानों पर अनुभव किया जा सकता है। जब बाबा से सीधा पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी भूत देखा है, तब धीरेंद्र शास्त्री ने



कहा कि उन्होंने इन्हें देखा नहीं, बल्कि अनुभव किया है। उन्होंने पैरानॉर्मल पर ऑक्सफोर्ड या किसी अन्य विश्वविद्यालय में शोध करने की इच्छा जाहिर की है। उनके मुताबिक, तंत्र-मंत्र, मारण, मोहन और वशीकरण जैसी नकारात्मक शक्तियां व्यक्तियों के जीवन को नारकीय बना सकती हैं। हालांकि, उनका मानना है कि गुरु की कृपा, पूजा-पाठ या कुलदेवी के आशीर्वाद से प्रसिद्ध लोग ऐसी शक्तियों से सुरक्षित रहते हैं, क्योंकि उनके पास एक बड़ा कवच होता है।

# भरत तिवारी एनकाउंटर पर अलग-थलग पड़े अशोक चौधरी

## मंत्री के बयान से जेडीयू ने बनाई दूरी, न्यायिक जांच के बीच सियासी हलचल तेज

पटना। भोजपुर जिले के बिलौटी गांव के भरत तिवारी कथित एनकाउंटर मामले को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) के भीतर अलग-अलग राय सामने आती दिख रही है। बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी द्वारा एनकाउंटर पर सवाल उठाने और पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद अब उनकी ही पार्टी ने उनके बयान से दूरी बना ली है। जेडीयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने स्पष्ट किया है कि अशोक चौधरी की टिप्पणियां उनकी व्यक्तिगत राय हैं, न कि पार्टी या बिहार सरकार का आधिकारिक रुख।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रवण कुमार ने कहा, कि भरत तिवारी के घर अशोक चौधरी का दौरा भी निजी था और उसे सरकार या पार्टी के रुख के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने बिना




किसी का नाम लिए यह भी कहा कि सार्वजनिक जीवन में नेताओं को सोच-समझकर बयान देना चाहिए, ताकि किसी तरह का भ्रम पैदा न हो। दरअसल, अशोक चौधरी ने 5 जुलाई को भोजपुर जिले के बिलौटी गांव पहुंचकर भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने कथित मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे और भरत तिवारी को बहादुर संतान बताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा निष्पक्ष जांच की बात कही थी। उन्होंने परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा भी दिया था। मुलाकात के बाद अशोक चौधरी ने कहा था कि उन्हें मामले के कई ऐसे पहलुओं की जानकारी मिली है, जिनसे वे पहले अवगत नहीं थे। उन्होंने कहा कि वह इन सभी तथ्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा करेंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि मामले में निष्पक्ष जांच होगी और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। गौरतलब है कि भोजपुर जिले में 17 जून को हुई कथित पुलिस मुठभेड़ में भरत तिवारी की मौत के बाद इस मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया था। बढ़ते विवाद के बीच बिहार सरकार पहले ही इस घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे चुकी है। अब अशोक चौधरी के बयान से पार्टी द्वारा दूरी बनाए जाने के बाद इस मुद्दे पर जेडीयू के भीतर मतभेद की चर्चा भी तेज हो गई है।

# पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड हाफिज सईद: एनआईए ने दाखिल की सप्लीमैंट्री चार्जशीट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के संबंध में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी और प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। जम्मू की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल आरोपपत्र में सईद को हमले की साजिश रचने, आतंकवादियों को संचालित करने और भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोपी बनाया है।

एनआईए ने हाफिज सईद को व्यक्तिगत तौर पर भी आरोपी बनाया है और लश्कर-ए-तैयबा तथा उसके प्रॉक्सी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का प्रमुख बताया है। आरोपपत्र में उसके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराएं लगी हैं। यह पूरक आरोपपत्र एनआईए द्वारा 15 दिसंबर 2025 को दाखिल किए गए 1,597 पन्नों के मूल आरोपपत्र का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर साजिद जट सहित छह आतंकवादियों को पहले ही नामजद किया गया है।

जांच एजेंसी के अनुसार, खौफनाक हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्?ट उर्फ लंगड़ा था। लाहौर, पाकिस्तान से संचालित होते हुए, जट्ट ही आतंकियों का मुख्य हैंडलर था, जिसने उन्हें वास्तविक समय में निर्देश दिए। आतंकी सैफुल्लाह ने हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी और वारदात के दौरान भी लगातार आतंकियों से संपर्क में था।

एनआईए के आरोपपत्र में खुलासा हुआ है कि यदि टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार ने समय रहते सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी दी होती, तब हमले को टाला जा सकता था। दोनों गाइडों ने आतंकियों को बैसरन में देखा था लेकिन इसकी सूचना नहीं दी, जिसके लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। हमले से एक दिन पहले, तीनों आतंकियों ने गाइड परवेज की झोपड़ी में खुदा के नाम पर मदद मांगकर खाना खाया और जाते समय रोटी-सब्जी भी साथ ले गए। हमला करने से पहले, उन्होंने बैसरन घाटी में एक पेड़ के नीचे भोजन किया और वारदात के बाद धार्मिक नारे लगाते हुए हर्ष फायरिंग भी की।

# राम रक्षा स्तोत्र का पाठ कर उद्धव गुट ने शुरु किया राज्यव्यापी राम रक्षा आंदोलन'

मुंबई। मुंबई के दादर स्थित ऐतिहासिक हनुमान मंदिर से शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने अपने राज्यव्यापी 'राम रक्षा आंदोलन' का शंखनाद किया। पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा विवाद और भगवान राम व माता सीता के आभूषणों की चोरी के मुद्दे पर जवाबदेही तय करना था। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में राम भक्त भगवा वस्त्र धारण कर एकत्र हुए, जहां शिवसेना यूबीटी अध्यक्ष ठाकरे ने बारिश में भीगते हुए भी भीड़ को संबोधित किया।

## न्यूज गैलरी

### खेत में ट्रैक्टर चलाने को लेकर विवाद, महिला से मारपीट व गाली-गलौज; तीन लोगों पर मामला दर्ज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के बिरसा थाना क्षेत्र में खेत में ट्रैक्टर चलाने को लेकर हुए विवाद के बाद एक महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। बिरसा पुलिस ने पीड़िता सुमित्रा पति कमलेश यादव 28 वर्ष की शिकायत पर महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के सुमित्रा यादव छत्तीसगढ़ राज्य के जिला कबीरधाम अंतर्गत ग्राम गेरुखदान थाना बकरकट्टा निवासी है। एवं वर्तमान में ग्राम मुण्डघुसरी में निवास कर कृषि कार्य कर रही है। 2 दिन पहले 2 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे सुमित्रा यादव अपने खेत में कृषि कार्य करवा रही थीं। इसी दौरान खेत में ट्रैक्टर चल रहा था ।उसी समय देवसिंह यादव, राजूलाल यादव और सुलोचना बाई खेत में पहुंचे और ट्रैक्टर रुकवाने लगे। जब सुमित्रा यादव ने ट्रैक्टर रोकने से इनकार किया तो राजूलाल यादव ने उनके साथ अश्लील गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर राजू लाल यादव ने कथित रूप से हाथ मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे सुमित्रा यादव के मामा के बेटे जनकलाल यादव के साथ भी आरोपियों ने धक्का-मुक्की की गई । घटना में सुमित्रा यादव के होंठ पर चोट आई। जनकलाल यादव के दाहिने कंधे में चोटे आई। घटना के बाद सुमित्रा यादव अपने पति कमलेश यादव और जनकलाल यादव के साथ बिरसा थाना पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई बिरसा पुलिस ने सुमित्रा यादव की शिकायत पर अपराध क्रमांक 163/2026 दर्ज करते हुए आरोपियों देवसिंह यादव पिता फूल सिंह यादव 55 वर्ष, राजूलाल यादव पिता स्व.धुरेलाल यादव 38 वर्ष और सुलोचना बाई पति देवसिंह यादव 50 वर्ष के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 115(2) एवं 3(5) के तहत मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है। विवेचना पुलिस द्वारा की जा रही है।

# ये सेल्फी कहीं भारी न पड़ जाए...! वैनगंगा नदी किनारे जान जोखिम में डाल रहे लोग

**रेलवे पुल, शंकर घाट और नदी तट पर बढ़ते जलस्तर के बीच सेल्फी और रील बनाने की होड़, सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से हादसे की आशंका**

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**लगभग एक माह की देरी से जिले में शुरू हुई मानसूनी बारिश अब धीरे-धीरे अपना प्रभाव दिखाने लगी है। पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण जिले की अधिकांश नदियां और नाले उफान की ओर बढ़ने लगे हैं। वहीं बालाघाट शहर की जीवनदायिनी वैनगंगा नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। बारिश के बाद नदी का बदला हुआ स्वरूप देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे पहुंच रहे हैं, लेकिन इस दौरान एक बेहद चिंताजनक तस्वीर भी सामने आ रही है। लोग अपनी जान की परवाह किए बिना वैनगंगा नदी के किनारे, रेलवे पुल, शंकर घाट और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सेल्फी लेने और सोशल मीडिया के लिए रील बनाने में जुटे हुए हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो यह शौक कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।**

सोमवार को सुबह से लेकर शाम तक वैनगंगा नदी के बड़े पुल, रेलवे पुल, शंकर घाट और नदी के विभिन्न घाटों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। कोई बढ़ते जलस्तर का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर रहा था तो कोई दोस्तों और परिवार के साथ फोटो और सेल्फी लेने में व्यस्त दिखाई दिया। कई युवक-युवतियां नदी के बिल्कुल किनारे तक पहुंचकर अलग-अलग अंदाज में फोटो खिंचवाते नजर आए। कुछ लोग ऐसे स्थानों तक पहुंच गए जहां फिसलन होने के साथ तेज बहाव भी था। ऐसे स्थानों पर एक छोटी सी चूक भी सीधे नदी में गिरने जैसी घटना का कारण बन सकती है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह रही कि कई परिवार छोटे-छोटे बच्चों को लेकर भी नदी के किनारे पहुंचे। कुछ लोग बच्चों को गोद में लेकर नदी के तट तक पहुंचे और वहीं खड़े होकर फोटो खिंचवाने लगे। वहीं कई युवक नदी के किनारे पत्थरों पर चढ़कर रील बनाते दिखाई दिए। बढ़ते जलस्तर और



फिसलन भरे पत्थरों के बीच इस तरह का रोमांच किसी भी समय गंभीर हादसे में बदल सकता है, लेकिन लोगों की लापरवाही लगातार देखने को मिल रही है। वैनगंगा नदी के शंकर घाट पर भी पूरे दिन लोगों का आना-जाना लगा रहा। घाट पर कई लोग नदी के बिल्कुल करीब पहुंचकर मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। कुछ लोग अपने परिवार के साथ प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेते नजर आए, लेकिन इस दौरान सुरक्षा के सभी नियमों की अनदेखी होती रही। नदी का बहाव लगातार तेज हो रहा है, इसके बावजूद लोग खतरे वाले क्षेत्रों तक पहुंचने से नहीं बच रहे हैं। वहीं वैनगंगा नदी के रेलवे पुल पर भी कई युवक आते-जाते दिखाई दिए। कुछ लोग रेलवे पुल पर खड़े होकर वीडियो और रील बना रहे थे तो कुछ लोग पुल से नीचे बह रही नदी का दृश्य अपने मोबाइल में कैद कर रहे थे। रेलवे पुल पर इस तरह रुकना और फोटो खींचना सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह जोखिम भरा है। इसके बावजूद वहां किसी प्रकार की रोक-टोक या निगरानी दिखाई नहीं दी। शहर के लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने पर बड़ी संख्या में लोग नदी देखने पहुंचते हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर कोई ठोस इंतजाम नहीं किए जाते। न तो संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती रहती है और न ही लोगों को खतरे से सावधान करने के लिए पर्याप्त चेतावनी बोर्ड लगाए जाते हैं। ऐसे में लोग बिना किसी रोक-टोक के नदी के किनारे पहुंच जाते हैं और अपनी जान जोखिम में डाल देते हैं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि प्रशासन को बारिश के पूरे मौसम में वैनगंगा नदी के बड़े पुल, रेलवे पुल, शंकर घाट, डेंजर जोन और अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखनी चाहिए। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और लगातार मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जाना चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति खतरनाक स्थानों तक न पहुंच सके। जानकारों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश के कई जिलों में सेल्फी लेने और वीडियो बनाने के दौरान नदी, झरनों और पुलों पर हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद लोग सबक लेने को तैयार नहीं हैं। सोशल मीडिया पर बेहतर फोटो और रील बनाने की होड़ में लोग अपनी सुरक्षा को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है, जो चिंता का विषय है। वैनगंगा नदी का जलस्तर आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में यदि प्रशासन ने समय रहते सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत नहीं किया और लोगों ने भी सावधानी नहीं बरती, तो किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना सामने आ सकती है। एक अच्छी तस्वीर या कुछ सेकंड की सोशल मीडिया रील के लिए अपनी जान जोखिम में डालना समझदारी नहीं है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्रशासन संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करे और लोग भी अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नदी के किनारे और पुलों पर अनावश्यक जोखिम उठाने से बचें।

## दिनदहाड़े हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी, श्रद्धालुओं में आक्रोश

**खैरलांजी के गांधी चौक स्थित प्राचीन मंदिर में हुई वारदात, पुलिस ने शुरू की जांच**

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खैरलांजी नगर के गांधी चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दिनदहाड़े चांदी का मुकुट चोरी होने की घटना से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। धार्मिक स्थल पर हुई इस वारदात ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जुलाई को दोपहर लगभग 1:40 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने भगवान हनुमान जी की प्रतिमा के सिर पर स्थापित चांदी का मुकुट चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय मंदिर परिसर के आसपास एक वृद्ध व्यक्ति, जो धोती पहने हुए संदिग्ध परिस्थितियों में देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि उसके हाथों और कपड़ों पर सिंदूर लगा हुआ था। जिससे उस पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी व्यक्ति की संलिप्तता की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने खैरलांजी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### श्रद्धालुओं ने जताई नाराजगी, सुरक्षा बढ़ाने की मांग

मंदिर से धार्मिक आस्था से जुड़ी वस्तु की चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में गहरा रोष है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर चांदी का मुकुट बरामद करने की मांग की है। साथ ही मंदिरों सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, नियमित निगरानी और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की भी मांग उठाई है।

आवश्यकता है
फिल्ड कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है
संपर्क करें-पद्मेश सिटी केबल
काली पुतली चौक, बालाघाट













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट